सरकार के संज्ञान में यह भी आया कि फ्रॉड और करप्शन से गलत ऑर्डर आर्बिट्रेशन के माध्यम से लिए जाते हैं। सरकार एक बार फिर जागरूकता दिखाते हुए अमेंडमेंट लाई। इसमें परमानेंट स्टे की बात हुई है। मैं मानता हूं कि इस अमेंडमेंट के माध्यम से बहुत बड़ा और अच्छा निर्णय हो रहा है। इसमें सही व्यक्ति, सही प्लेयर को न्याय देने की बात हो रही है। किस प्रकार के गलत पेपर बनाए जाते हैं, गलत ऑर्डर होते हैं, यह हम सब लोगों के लिए जानना नई बात नहीं है। इसका रास्ता निकालना आवश्यक था।

माननीय नरेन्द्र मोदी की सरकार कहती है – सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। हर व्यक्ति का विश्वास जीतना सरकार की प्रियारिटी है। मैं मानता हूं इसलिए इस प्रकार का अमेंडमेंट करने का प्रयास हो रहा है।

सरकार बिल में दो बदलाव ला रही है। एक - परमानेंट स्टे की बात हुई है और आर्बिट्रेशन काउंसिल ऑफ इंडिया के माध्यम से 8वें शैड्यूल को ओमिट करके रैगुलेशन करने की बात हुई है।

एक विकासशील देश में जहां बुद्धिमान लोग काम करते हैं, अपना देश इतना बड़ा है, इन दिनों हम वर्ल्ड के साथ कम्पीट कर रहे हैं, ऐसे समय में जो कमियां और खामियां हैं, उसको दुरुस्त करना इस सरकार का काम है। मैं मानता हूं कि यह हुआ है। इसका हम सब लोगों को मिलकर स्वागत करना चाहिए। ऑर्डिनेंस के बारे में जब विरोध होता है, तो मैं कभी-कभी चिंता करता हूं और दुख भी व्यक्त करता हूं। किसी भी ऑर्डिनेंस में, अगर एक पक्ष को लाभ होता है और दूसरे पक्ष को नुकसान होता है, तो उसके बारे में विपक्ष को अवाज उठाने की आवश्यकता है। इसमें कोई दो मत नहीं है। लोकशाही का यह अधिकार होता है। लेकिन, गलत करने वालों को रोकने के लिए भी जब सरकार ऑर्डिनेंस लाती है और जब उसके ऊपर भी जब टिप्पणी होती है, तो निश्चित रूप से हम जैसे सांसदों को यहां पर वेदना होती है। यह भी कहा गया कि लॉकडाउन के समय ऑर्डिनेंस लाने की क्या आवश्यकता थी? 4 नवम्बर को यह ऑर्डिनेंस आया था। लॉकडाउन कब खत्म होगा, कोरोना किस प्रकार का रूप धारण करेगा? वर्तमान पत्र के माध्यम से और मीडिया के माध्यम से हम लोग सुनते थे कि एक और वेव आ सकता है। वगैरह-वगैरह बातें सुनते थे। सरकार को गलत काम को रोकने वालों के लिए इस प्रकार का ऑर्डिनेंस लाने की आावश्यकता थी और सरकार सही ऑर्डिनेंस लायी है, ऐसा मैं मानता हूं। इसलिए, विरोधी पक्ष के लोगों द्वारा हर ऑर्डिनेंस का विरोध करना कहां तक उचित है, यह मेरे समझ में नहीं आता है।

इस बिल से हटकर मैं एक और बात करना चाहूंगा। मैंने प्रधान मंत्री जी को इस बारे में चिट्ठी लिखी है। मेरे पूर्व वक्तओं ने कहा कि बहुत सारे केसेज पेंडिंग हैं। रवि शंकर प्रसाद जी तो इससे वाकिफ हैं। उन्हें इन-आउट सारी बातों की जानकारी हैं। मैं बताना हूं कि प्रधान मंत्री जी की बात को मानने वाले लोगों की संख्या अपने देश में बहुत ज्यादा है और एक लॉ मिनिस्टर के नाते आपने भी विश्वास कायम किया है। सत्ता पक्ष में हों या विपक्ष में हों, आप जैसे लोग, अगर देश

से अपील करेंगे, क्योंकि अनवांटेड केसेज बहुत सारे लोगों ने किए हैं, सभी लोगों ने केसेज न्याय पाने के लिए किया है, कम-से-कम ऐसा मैं नहीं मानता हूं। पैसे के जोर पर, जैसे करप्शन के माध्यम से, जो बातें इस बिल में हो रही हैं, पैसे के जोर से किसी को पेरशान करने के लिए भी बहुत सारे लोगों ने केसेज किए हैं। स्वाभाविक है, यह ह्युमेन नेचर है कि कभी किसी को गुस्सा आता है, तो वह केस कर देता है, लेकिन बाद में उसे भी लगता है कि गलत केस किया है और बाद में विड्रा कर लेता है। लेकिन, उसको कोई कहने वाला नहीं है, कोई प्रोविजन नहीं है, वह लम्बे समय तक चलता रहता है और ये केसेज इतने बड़े पैमाने पर कोर्ट में पेंडिग हैं। मैं मानता हूं कि हमारे देश में जो लोक अदालत का प्रोविजन है। हम लोगों को लोक अदालत को ज्यादा अहमियत देना चाहिए। कुछ राज्यों में दो शिफ्टों में कोर्ट चलते हैं। पूरे देश में इसी प्रकार का एक प्रयास होना चाहिए। सरकार को आगे बढ़कर लोक अदालत के माध्यम से सारे केसेज का निपटारा कैसे हो, इसका एक प्रयास करना चाहिए।

मैं एक और छोटी बात कहना चाहूंगा, जिसके बारे में प्रधान मंत्री जी ने भी अपने 'मन की बात में' बताया था। रवि शंकर प्रसाद जी लॉ के जो बिल ड्राफ्ट होते हैं, यह बात आपको और सरकार को भी पता है, क्योंकि किसी भी बिल की शरुआत में आप उसको पार्लियामेंट में समझाने का प्रयास करते हैं। यह बात सही है कि बिल में जो ड्राफ्टिंग लैंग्वेज होती है, वह बहुत अच्छे-अच्छे लोगों को समझ में नहीं आती है। कोई कहता नहीं है, यह बात अलग है। इसलिए, प्रधान मंत्री जी ने इस बात का जिक्र किया है कि लॉ के बिल का ड्राफ्टिंग इतना आसान होना चाहिए, ताकि सामान्य व्यक्ति भी उसको पढ सके और समझ सके। उसको वकील के पास जाने की आवश्यकता न पड़े। यदि, वह जाता भी है तो कोई वकील उसको गुमराह न करे, इस बात को हमें बहुत जल्दी संज्ञान में लेना चाहिए। जब अंग्रेज देश में थे, तो उनकी मंशा यही थी कि हिन्दुस्तान के लोगों को कायदा-कानून के बारे में पता न चले और वे हैरान-परेशान हों। जब हमारा देश 70 साल का पीरियड क्रॉस करके आगे जा रहा है, तो ऐसे में लॉ की ड्राफ्टिंग बहुत सिम्पल होनी चाहिए, ये मरी मांग है। मैं चाहूंगा कि इसके बारे में आप टिप्पणी करें। मैं एक

बार फिर माध्यस्थम् और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2021 का समर्थन करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं। मैं चाहूंगा कि रवि शंकर प्रसाद जी लोक अदालत और बिल ड्राफ्टिंग की लैंग्वेज के बारे में अपनी टिप्पणी अंतिम चरण में देंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI S. R. PARTHIBAN (SALEM): Madam, I thank you for allowing me to speak on the Arbitration and Conciliation (Amendment) Bill, 2021 which seeks to further amend the Arbitration and Conciliation Act, 1996. The Arbitration and Conciliation Act, 1996 consolidates the law relating to domestic arbitration, international commercial arbitration, enforcement of foreign arbitral awards and conciliation. The Act is based on the model law adopted by the United Nations Commission on International Trade Law (UNCITRAL) in 1985.

Further, the Central Government had amended this Act in 2015. Subsequently, some practical difficulties in the applicability of the Amendment Act were pointed out. To address these difficulties and to promote institutional arbitration in the country, the Act was once again amended in 2019.

Meanwhile, keeping in view the court rulings and in order to address the issue of corrupt practices in securing contracts or arbitral awards, a need was felt to ensure that all the stakeholder parties get an opportunity to seek unconditional stay of enforcement of arbitral awards, where the underlying arbitration agreement or contract or making of the arbitral award is induced by fraud or corruption. Also, to promote India as a hub of international commercial arbitration by attracting eminent arbitrators to the country, it was felt necessary to omit the Eighth Schedule of the Act.

Now, the Government brings some amendments - a second proviso to sub-section (3) of section 36 to facilitate unconditional stay by courts; to amend section 43J; and omit the Eighth Schedule - with a view to empowering the Arbitration Council of India to lay down norms and qualifications by way of regulations for the purpose of accreditation of arbitrators.

There are still some points which I would request the hon. Minister to consider. There is small scope of appeal in the arbitration award. If there is a problem with the award, there would be no scope of appeal or correction. There are a number of institutions providing the facility of arbitration; it becomes very difficult to choose among the organizations. This makes it difficult to ascertain the applicability of the laws relating to international arbitration.

One of the major issues faced during arbitration is the cross-cultural language barrier. There is always a discrepancy in the language and culture of the two regions. It becomes very difficult to bridge the gap and come to a unified solution. If the matter is complicated but the amount of money involved is modest, then the arbitrator's fees may make arbitration uneconomical. There is no opportunity to cross-examine the testimony of the witness as well. The standards used by an arbitrator are not clear. With the recent amendment adding Schedule VII – Measuring Impartiality of Arbitrators – there is very less chance for the corporates and companies.

The Government has to establish commercial courts in all States to deal with the arbitration appeal and execution proceedings. The award NJS stamp duty has to be increased. Levy of Stamp duty increases the revenue of the States.

During award execution proceedings, the court fee has to be increased nominally. It can reduce the unnecessary execution proceedings before the court.

Arbitration proceedings have to be extended to the motor accident claim proceedings also. The victims can get their compensation in a very short period.

The Government has to encourage the establishment of district-wise private arbitration institutions. The banking institutions have to resolve their claim through arbitration.

As the Minister is present here, I would like to remind him of the long-standing demand to set up a regional branch of the Supreme Court in Chennai for the benefit of people of Tamil Nadu and other southern States. The Supreme Court has equal and sometimes even more power than the Government. So, it should be accessible to the common citizens. So many cases do not go to the Supreme Court because of a number of barriers, namely, it is inaccessible; it requires traveling to Delhi and back which is quite expensive and time consuming; there is also the issue of language etc. It is high time that we had a regional Supreme Court in Chennai.

Moreover, I request hon. Minister, through you Madam, to set up a Chennai High Court branch in Salem. Salem is located in the middle of Dharmapuri, Krishnagiri, Erode, Coimbatore, Karur, Namkkal and Kallakurichi districts of west zone in Tamil Nadu. During the British rule, these districts were called Salem Jilla. These areas' people need to travel more than 350 kilometres to get justice. Hence, I request you to set up a Chennai High Court branch in Salem.Thank you.

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Madam, I would like to thank you for giving me an opportunity to participate in the debate on this Bill.

Madam, as stated several times earlier, any Bill that takes the route of Ordinance brings democracy one step down in its authority and I oppose the Bill primarily for the same reason.

While introducing the Bill, the hon. Minister had said that the Bill seeks to facilitate speedy appointment of arbitrators through designated arbitral institutions. There are two issues in this statement made by the hon. Minister – speedy appointment and designated arbitral institutions. What are the designated arbitral institutions in India? As per my knowledge, they are Delhi International Arbitration Centre, New Delhi; Indian Council of Arbitration, New Delhi; Construction Industry Arbitration Council, New Delhi; LCIA India, New Delhi; International Centre for Alternative Dispute Resolution, New Delhi; and ICC Council of Arbitration, Kolkata.

It can be seen that all these institutions have framed their own rules of arbitration which would be applicable to arbitral proceedings conducted by these institutions.

Madam Chairperson, therein lies the problem. Where is the role and regulatory authority of the Indian Government lying in this set of companies that have set their own set of rules and what are the guarantees of a fair arbitration in such institutions? The Indian Council of Arbitration, as the apex body in arbitration matters in the country has handled the largest number of international cases in India.

My point is, when you observe the composition of the Indian Council of Arbitration, you will not see a single person representing the

Government. The list of panel of arbitrators as seen on their website as on 21st January, 2021 is composed of former judges, advocates, engineers, chartered accountants, executives, maritime experts, businessmen, and foreign nationals. At the time when the corporate world is getting more and more greedy and profit minded, handling of arbitration must not be allowed to circumvent the presence of Government through a serving representative. The panel of arbitrators must have sufficient representation of the Government than being limited to five council representatives. Madam, I am not going into all the details because of the time. You have allotted only two minutes. I am not taking more time.

The Government in the first place amended the arbitration law to ensure that all stakeholders get an opportunity to seek unconditional stay on enforcement of arbitral awards where the agreement or contract is induced by fraud or corruption.

19.42 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

Hon. Speaker, Sir, I am concluding. I am not going into the details. I would like to ask the hon. Minister, through you, Sir, what are the mechanisms to precisely determine whether any agreement is based on fraud or corruption. How could a person's right to approach the court to impose a stay on an agreement be enforced if he is wronged?

These questions must be answered by the hon. Minister. Thank you.

माननीय अध्यक्ष : विनायक जी, क्या आप बोलना चाहते हैं? आप मंत्री जी के बोलने के बाद स्पष्टीकरण कर लेना। आप मंत्री जी के बोलने के बाद में बोल लेना। हम क्लेरिफिकेशन करवा देंगे।

श्री रवि शंकर प्रसाद: माननीय अध्यक्ष जी, मैंने सोचा कि छोटा बिल है इसलिए शायद छोटी चर्चा होगी।

माननीय अध्यक्ष : हाँ, आप छोटी चर्चा कर लीजिए। आप छोटा उत्तर दे दीजिए।

श्री रवि शंकर प्रसाद : मुझे एक बात की बहुत प्रसन्नता है कि मेरे विषय में, चाहे हमारे दादा हों या बाकी मित्र हों, उन्होंने वकीलों की बात की है। मैंने आज इतनी विद्वतापूर्वक टिप्पणियां देखीं, उसके लिए मैं सभी मैम्बर्स का अभिनंदन करूंगा। I want to commend the knowledge and understanding of arbitration proceedings of all the non-lawyer Members also, and I am placing on record my deep appreciation the way all of you have conducted. Due to paucity of time, I am not going into details of all the names.

सर, मैं पहले कुछ जनरल बातें कहना चाहता हूँ। इस पर काफी चर्चा की गई है। I will speak both in English and Hindi languages. It was said that what are we doing, India's ranking in the Ease of Doing Business, etc., etc. मैं इस हाउस को दो-तीन बातें बहुत ही विनम्रता के साथ कहना चाहता हूँ कि नरेन्द्र मोदी जी की सरकार भारत को ईमानदारी से आर्बिट्रेशन का एक हब बनाना चाहती है और हम बनाएंगे भी। We will make India a big hub of international and domestic arbitration, and all these exercises are basically designed for that purpose. अगर इस लॉ के इम्प्लीमेंटेशन में कुछ कमियां महसूस हुईं तो हमें लगा कि इसे ठीक करना चाहिए। But just to recall value, Sir, मैं आते ही विभाग को देख रहा था। We set up a big Committee headed by Justice Srikrishna, former Supreme Court Judge. Many other retired judges were there to give recommendations.

What did he recommend? Shri Galla said that India needs to have a big fillip for institutional arbitration. I want to convey to this House that I have got all this list. Today, India has got 36 institutional arbitrations. I

want India to have 500 institutional arbitrations. I want India to have district level institutional arbitration. सर, जब मैं यह बिल बना रहा था, मैंने अपने विभाग को कहा कि जरा मुझे मैप पर दिखाओ कि कहां-कहां ऐसे इंस्टीट्यूशन्स हैं। To my utter shock and surprise, whole of North India except Delhi, whole of Eastern India except Kolkata, including your State and my State, had no institutional arbitration. मैंने कहा कि ऐसा काम नहीं चलेगा। Then we created a proper Arbitration Council of India, which shall grade institutions. अब बार-बार लोग कह रहे हैं कि डिले होता है। एक अच्छे ग्रेडेड इंस्टीट्युशन का एक प्रिंसिपल यह भी होगा कि इनके यहां आर्बिट्रेशन का फैसला कितने दिन में होता है। And the institution which delivers it fast will have greater clientele and greater acceptability. An institution where decisions are taken on merit and integrity, and not on corruption will have greater acceptability. An institution where the arbitrators are more qualified and diverse will have greater acceptability.

Shri Galla, I wish to tell you that when I was making this Bill, I said that technology is a very extraordinary subject. Everything cannot be done by judges only. Can we have eminent people of technology to decide technological disputes? We must have that flexibility. Therefore, the first thing which we did today is removing the Eighth Schedule. I must compliment as the idea came from your suggestion that we must give the flexibility to the Arbitration Council of India to lay down the norms of eligibility of the arbitrators.

I want to make it very clear that foreign arbitrators are welcome in India. I am not saying this just today. Please see Section 11. I would like to read that. I thought that I must clarify this confusion from the floor of this House itself. It clearly says, “A person of any nationality may be made an arbitrator”. भारत क्या, दुनिया में कहीं से भी आर्बिट्रेटर्स आ जाएं, उसके लिए इसमें कोई बदलाव करना जरूरी है। We have a very open mind

regarding that. India welcomes arbitrators of any nationality. As the Law Minister, I am making this statement very clearly on the floor of the House. If you want to make a hub of this, then we must give autonomy to the institutions, and, therefore, we are promoting institutional arbitration in India, both for international and domestic arbitration. Therefore, that is the scheme of the Act.

Certain issues were raised. You can see why we are bringing in the amendment. Shri Premachandran, you have a problem. I always appreciate your great perseverance in opposing with such eloquence from 2014 when we have been drafting so many laws. I salute that. But I would take a contrary view that if there is any hiccup in the implementation of the law, an open Government must do the correction so that the law works in a very flawless manner instead of allowing more and more confusion in the courts. I see it in that way and that is why we have done that. सर, बहुत लोगों ने बात की कि इसका कांट्रैक्ट में क्या स्थान है, क्या नहीं? मैं सदन के सामने एक बात कहना चाहता हूं। India's overall ranking in the ease of doing business in 2015 was 142. Now, in 2022 it is 63. Just see in five years' time how much growth we have done in the ease of doing business. In terms of enforcement of contract, Shri Pinaki Misra, we were ranked at 186 in 2015 and now we are at 163. We have jumped more than 20 ranks. Of course, we need to jump more. अपना रास्ता ठीक है, यह मैं बड़े अदब से आपसे कहना चाहता हूं। दुनिया यह भी देखेगी कि नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद भारत का रास्ता सही है और आगे जा रहा है और हम जाएंगे, यह बड़े अदब से मैं आपको कहना चाहता हूं।

We have also changed the performance of contract. उसमें पहले ऐसा था कि अगर कांट्रैक्ट नहीं हुआ तो खाली डैमेज लाओ और घर जाओ। हमने इसे अमेंड किया कि नहीं, enforcement of contract is the primary pre-condition.

अगर आप नहीं कर सकते हैं तो दूसरी पार्टी से कराकर उससे डैमेज वसूल करेंगे। We have taken a lot of steps in pursuit of ease of doing business and we shall continue to do that. सर, बहुत सारी बातें की गई हैं कि भारत में लोग क्यों आएंगे। भारत में लोग इसलिए आएंगे कि भारत में बिज़नेस करने का अच्छा अवसर है, भारत में इसलिए आएंगे कि भारत में टेलेंटेड लोग हैं, भारत में इसलिए आएंगे कि भारत में human resource is very competent in the field of technology, in the field of law. मैं आज बड़े अदब से एक बात कहना चाहता हूं और यह बात मैंने दुनिया के फोरम पर भी कही है। India has some of the finest lawyers in the world; India has some of the finest judges in the world, but I see a new kind of monopoly happening in arbitration proceedings. Why? I am staring at you. Why? …(*Interruptions*). इससे ज्यादा नहीं बोलूंगा, आप लॉ मिनिस्टर को कोई संकेत न बोलने दीजिए, आप समझ गए। …(व्यवधान) आज मुझसे बहुत सवाल पूछे गए हैं। मैं चाहता हूं कि भारत के जज़ेज को भी दुनिया में उस तरह से इज्जत मिले, जिसके वे लायक हैं and I am very clear, my good friend. Any kind of new imperialism in the arbitration adjudication is not acceptable to me. India is a rising power and therefore, India's judges, India's lawyers should also be given due respect globally. सर, एक बात और आती है कि आपने किया क्यों है? मैं आर्डिनेंस पर बाद में आऊंगा। दुनिया का दस्तूर क्या बन रहा है, इस विषय पर मैंने दुनिया में देखा, मैं लंदन गया, बाकी जगहों पर गया, दुनिया में जिस तरह से इन्वेस्टमेंट ट्रीटी है, उसको लेकर बड़ी मशक्कत है। There is a great sense of unease, globally speaking, on the manner in which Bilateral Investment Treaty arbitration adjudication has been conducted. Why? सर, कहानी क्या है। आपने कहा कि हम आपके यहां सौ मिलियन रुपये इन्वेस्ट करेंगे। आपने 10 मिलियन या 15 मिलियन इन्वेस्ट किया, मैं सिर्फ एक एग्जाम्पल दे रहा हूं, अब इस देश में आपके अनुसार बात नहीं हुई, आपने इण्टरनेशनल आर्बिट्रेशन कर दिया। I want 100 million damages because my time is spent on such and such things. सर, क्षमा करिए, मैं बड़े अदब से कहना चाहता हूं कि कई छोटे-छोटे देशों

ने कहा कि हम तो टूट जाएंगे। जिस तरह से बाइलेट्रल इन्वेस्टमेंट ट्रीटी इतने छोटे-छोटे देशों के खिलाफ चल रही है। When I started, I was amazed myself why is it that in Bilateral Investment Treaties, we do not see punitive damages against big countries like Europe and America. Why? Today, be it South Africa, be it Russia, all of them are having a great sense of unease that they do not want to join this international architecture of Bilateral Investment Treaties. ये सब भारत की ओर देखते हैं कि भारत क्या कर रहा है? भारत का जो पूरा आर्किटेक्चर हमने कहा है कि दुनिया को हमें एक रास्ता दिखाना पड़ेगा कि हम ईमानदारी से विदेश के लोगों को यहां लाना चाहते हैं। विदेशी आर्बिट्रेटर्स भी आएं, विदेशी कंपनियां भी आएं, उनको हम पूरी सहूलियत देंगे। We will give all the facilities to have a complete, good and friendly arbitration regime for quick adjudication of the disputes. मैं इसको देखता हूं और आज कई सवाल किए गए हैं, इसलिए मुझे इसको व्यापकता में बताना पड़ा। मैंने इसलिए कहा कि भारत में एक बार यह पूरा सिस्टम एक्टिव हो जाएगा तो ऐसे कई इंस्टीट्यूशंस अपने आप डेवलप करेंगे कि एक सिंगापुर ही नहीं, हमारी कोशिश है कि भारत में कई सिंगापुर बनें। ऐसे इंस्टीट्यूशंस आज मुंबई में हैं और बाकी जगहों पर हैं। They can develop. वे उसमें काम करना चाहेंगे। अब बात आती है कि हम लाए क्यों। मैंने पहले भी कहा था कि सेक्शन 34 में एक बात का प्रावधान है कि अगर करप्शन और फ्रॉड से कोई एग्रीमेंट है तो पब्लिक पॉलिसी के दायरे में आएगा और उसके आधार पर भी आर्बिट्रेशन को आप एग्जामिन कर सकते हैं कि कैसे डिसाइड किया जाए। एक बात जो नई देखी जाती है, वह बात हम बहुत विनम्रता से कहना चाहेंगे कि हम लोगों ने लॉ में इसी सदन में पारित किया है और वह बहुत ही सुंदर शब्द है, आप मेरिट पर नहीं देखेंगे तो क्विक होना चाहिए, लेकिन उसमें एक बात और कही है,

"The award is in conflict with the public policy of India only if it was induced by fraud or corruption or it is in conflict with the most basic notions of morality or justice."

नैतिकता और न्याय की बड़ी प्रारंभिक मान्यताओं से भी वह निर्णय मेल नहीं खाता है, तो यह भी विचार हो सकता है। मुझसे बहुत सवाल पूछे गए हैं। सर, मैं आपसे एक सवाल पूछता हूं कि एक अवार्ड हो गया और एक एग्रीमेंट हो गया। एग्रीमेंट और अवार्ड होने के बाद ऐसा पाया गया कि इसमें भारी फ्रॉड हुआ है। इसमें अधिकारियों ने घूस लिया है और इसमें ठेकेदार ने घूस दिया है। सर, क्या किया जाए? कहीं सीबीआई इंक्वायरी की बात चल रही है, कहीं एफआईआर हो रहा है। चूंकि अवार्ड हो गया, इसलिए स्टे नहीं होना चाहिए। कानून को इतना मिनी नहीं होना चाहिए।

Yes, they have a point that : "Why you have to make it when it is already there in Section 34? It is because we had said that there shall be no automatic stay. Therefore, from that automatic stay we are giving this window that if the court is *prima facie* satisfied, सर, आपको बहुत ज्यादा अनुभव है। *Prima facie* satisfaction का एक आधार होता है। क्या एफआईआर फाइल करने से ही कॉग्निजेन्स होता है, यह नहीं होता है। इंक्वायरी होती है, पुलिस रिपोर्ट देती है, मजिस्ट्रेट अप्लाई करता है, तो कहता है – cognisance, because *prima facie*. सिर्फ आरोप लगाने से स्टे नहीं होगा। वकील साहब और मुवक्किल को *prima facie* एविडेंस पर सटिस्फाई करना होगा कि ये 10 कारण हैं, जिनके कारण फ्रॉड हुआ है, तब कोर्ट मान सकता है। दूसरी बात यह कही गई है कि you will promote more litigation. यह क्या तर्क है? अगर स्टे में किसी को शिकायत है, तो ऊपर जाकर इसे डिसाइड करा देगा। स्टे केवल फाइनल 34 के फैसले तक है। The stay is not unlimited. The day the decision on Section 34 is decided, the objection is rejected and the stay goes. लेकिन हमें यह बताएं कि अगर फ्रॉड से कोई कॉन्ट्रैक्ट करके पैसे ले लिए गए और किसी प्रदेश या देश को फॉरेन ट्रिब्यूनल 10 हजार करोड़ या 5 हजार करोड़ रुपये देने के लिए कह रहा है। I would request Supriya ji to please do not confuse this with the issue of retrospectivity of other award that you have in mind. No, India respects the authenticity and sanctity of awards, which have been there.

This particular law operates in the limited field of fraud and corruption through which it has been obtained. Retrospectivity is a different ball game altogether. I thought that I must clarify this issue. सर, आपको यह मालूम है कि कई चीजें गवर्नैंस की होती हैं, तो हर चीज को यहां बोलना उचित नहीं है और होना भी नहीं चाहिए।

मैं सदन को बड़ी विनम्रता से एक उदाहरण दे रहा हूं कि अगर भारत सरकार या प्रदेश सरकार के खिलाफ 5 हजार करोड़ रुपए या 10 हजार करोड़ रुपए का अवार्ड पारित कर दिया गया और कोई फॉरेन इंवेस्टर उसको बाहर एनफोर्स करने की कोशिश कर रहा है। ये टैक्स पेयर्स के पैसे हैं। यह हमारे और आपके नहीं हैं, ये गरीबों के पैसे हैं। भारत सरकार को ऐसे भ्रष्ट फ्रॉड से प्रभावित एग्रीमेंट पर बने हुए अवार्ड को, क्या टैक्स पेयर्स के पैसे लुटाए जाएं, नहीं। उसका एक बार एग्जामिनेशन सेक्शन 34 में हो जाने दीजिए। जब तक वह नहीं होगा, तब तक हम स्टे करेंगे।

Mr. Pinaki Misra, I do not know whether you are more eminent or others are more eminent. I am not as eminent as you are, as a lawyer. I acknowledge this very clearly. …(*Interruptions*) I am asking a simple question to you from your professional experience. Is it not a fact that the winner of an award keeps on running from court to court to get the award in force?

सर, कभी बहस होगी तो मैं इस हाउस में बताऊंगा कि दुनिया में कितनी जगह आर्बिट्रेशन को एनफोर्स करने के लिए क्या-क्या कार्रवाई चल रही है और ईमानदारी से चल ही है, हम यह नहीं कह सकते हैं। भारत ईमानदार प्रक्रिया का स्वागत करता है और करता रहेगा। भारत ईमानदारी से प्रोक्योर आर्बिट्रेशन प्रोसीडिंग का सम्मान करेगा और निश्चित रूप से करेगा। India would like India to become a good hub of arbitration. Why not? If that involves quick conclusion of the entire proceedings, then it is very good. इसलिए मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं। कुछ ने यह पूछा है कि आप जल्दी क्यों नहीं कर रहे

हैं। मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि I wish to give complete autonomy to the Arbitration Council of India and even the new Arbitration Centre, which we are setting up in Delhi for which the law has been passed. They must have good autonomy in selection of arbitrators and in overseeing quick disposal of arbitration disputes, etc.

-

-

20.00hrs

That includes quality of arbitrators. Complete autonomy is given whether it is the New Delhi Centre or the Arbitration Council of India. I am again saying when the entire fast-tracking of good institutional arbitration will be done, one institution would be delivering time-bound award, the quality of arbitration would be good; where they are men of integrity, we would see a different professionalism rising in the country.

Yes, Mr. Galla, you are right, to help that happen, we had to delete Schedule VIII. Schedule VIII was putting some curbs. For everything we have to come to Parliament. Now, that power has gone to the Arbitration Council of India. They will decide. If they feel, for instance, IT professionals need more clout, go ahead. We have delegated that power. It is not excessive delegation; it is a rational delegation for the speedy delivery of arbitration proceedings in the country. …(*Interruptions*) Let us see the worldview on Vodafone *dada.* There is a big world of Vodafone.

Now, I come to the issue of – why this Ordinance? Why not the Ordinance? Should we barter the Government of India's money? Should we barter taxpayer's money? When there is a collusive attempt to seek the benefit of an award, tainted with corruption, the answer is no, an emphatic no. Therefore, there is a compelling circumstance due to which the Cabinet passed a resolution, and the President has agreed to it. Enough.

Obviously, there is a certainty of Corona. When will Parliament meet? All these were there. It was not a case of abuse of power. I would say, in the instant case, it was a completely appropriate exercise of power under compelling circumstances for invoking Article 23 of the proceedings, Sir.

सर, बहुत-से मेम्बर्स ने कुछ स्पेशिफिक सवाल पूछे हैं। श्री गोपाल शेट्टी जी ने बहुत ही अच्छा कहा। …(व्यवधान) There he is sitting. उन्होंने तो सबसे पहले भाषण दिया था और बहुत ही अच्छा भाषण था। आज मैं फिर कहूँगा कि आज मैंने अपने एमपीज की नयी क्षमता को देखा है, मैं उन सभी का अभिनन्दन करता हूँ। I would like more discussion of this sort on issues like this so that the hidden wisdom of Members of Parliament become more patent.

सर, श्री गोपाल शेट्टी ने जो बात कही, वह बहुत अच्छी बात है कि हम लोग अपील करें कि आप केस विदड्रॉ कर लीजिए। उस अपील में कितना दम होगा, यह तो मैं नहीं कह सकता हूँ, लेकिन एक अपील तो कानून मंत्री कर ही सकता है। आजकल देश में पीआईएल फाइल करने की होड़ लगी हुई है। है न? सुबह अखबार देखा, तो किसी को पानी नहीं मिला, कहीं पर धरना है, तो पीआईएल फाइल हो जाती है। यह सुप्रीम कोर्ट में भी फाइल होती है और हाई कोर्ट में भी फाइल होती है।

Today, I want to take the freedom of this House to appeal to the Judiciary that please be a little more objective, and I would say, take into account your own decision as to under what circumstances a PIL can be filed. I have been a great supporter of PIL. Some of my friends from Bihar know that I have argued - some of the tectonic, swift changing political cases in Bihar. The Fodder Scam, the Bitumen Scam, the entire PIL cases were argued by me. I was also a lawyer of Ram *Lalla.* I am the lawyer of Advani *ji.* I have no problem. …(*Interruptions*) Yes, Sir. You never engaged me, that is the problem with you. सुबह अखबार देखा, हेडिंग तैयार हुई, पेटिशन तैयार है और पीआईएल फाइल हो गई। किसी के पीआईएल फाइल करने पर मेरी कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन मैं बहुत विनम्रता से न्यायालयों

से अपील करूँगा कि जो जेन्यून पीआईएल हैं, जैसे मजदूरों को तनख्वाह नहीं मिलती है, एंवायरमेंटल इश्यूज हैं, रैंक करप्शन के इश्यूज हैं, तो जरूर पीआईएल फाइल कीजिए। लेकिन इससे कितना लोड बढ़ता है, यह थोड़ा समझ लीजिए।

माननीय स्पीकर साहब, मैं आपकी बड़ी इज्ज़त करता हूँ। आज आपकी उपस्थिति में, मैं एक बात अवश्य कहूँगा। सभी कहते हैं कि इंडिपेंडेंस ऑफ जूडिशियरी एक बेसिक स्ट्रक्चर है। हम इसका सम्मान करते हैं। लेकिन एक और बेसिक स्ट्रक्चर है- सेपरेशन ऑफ पॉवर्स। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि वह भी एक बेसिक स्ट्रक्चर है और उसका मतलब यह होता है कि – governance should be left to those elected by the people of India as they have to be accountable to this House.

Law making must be left to those elected by the people of India to make laws and accountable to this House. That is the norm of governance. …(व्यवधान) वे मेरे बड़े अच्छे मित्र हैं, वे मुझसे कभी असहमत नहीं होते हैं। … (व्यवधान)

Sir, I think I have practically addressed all the concerns of all my friends who have come. Supriya ji talked about infrastructure project. We are very keen that infrastructure projects should be cleared, the payments should be cleared at the Government level. There is a direction that fast tracking of payment should be done but, yes, with a caveat – India should not become the centre of procuring award through corrupt and fraud means. Under the Government of Narendra Modi ji, we are acting in an honest and transparent manner. We are determined to make India a hub of arbitration. But remember one thing, India will become a hub of arbitration only and only when the world also trusts the integrity of the system, the governance and the award delivery. That is what this Bill supports.

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा प्रस्तुत सांविधिक संकल्प को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

प्रश्न यह है:

"कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 4 नवम्बर, 2020 को प्रख्यापित माध्यस्थम् और सुलह (संशोधन) अध्यादेश, 2020 (2020 का अध्यादेश संख्यांक 14) का निरनुमोदन करती है।"

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

Clause 2 Amendment of section 36

माननीय अध्यक्ष: श्री सुरेश कोडिकुन्नील जी, क्या आप संशोधन संख्या 1 और 2 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, I beg to move:

Page 1, line 13,-

for "the making of the award"

substitute "the institution of the award". (1)

Page 2, *for* line 1-

substitute "was instituted by inducement or fraudulent means, it shall stay the award unconditionally pending". (2)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री सुरेश कोडिकुन्नील द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 1 और 2 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष: श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 4 और 5 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, my amendment is that without giving it a retrospective effect, let it be prospective from the date of promulgation of the Ordinance. I beg to move:

Page 1, line 8,-

for "23rd day of October, 2015"

substitute "4th day of November, 2020" (4)

Page 2, line 1-

for "unconditionally"

substitute ", after giving reasonable opportunity for hearing to the other party,". (5)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 4 और 5 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 3 Substitution of new section for section 43J

माननीय अध्यक्ष: श्री सुरेश कोडिकुन्नील जी, क्या आप संशोधन संख्या 3 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, I beg to move:

Page 2, *for* lines 9 and 10,-

substitute "43J. The mandatory qualifications, experience and other determining norms essential towards approving the accreditation norms of arbitrators shall be such as may be specified by the regulations from time to time.". (3)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री सुरेश कोडिकुन्नील द्वारा खंड 3 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 3 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 6 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, my amendment is regarding arbitrator's qualifications and experience who are coming from outside,

let it be by the regulation and let the other thing be retained. I beg to move:

Page 2, line 9,-

after "arbitrators"

insert "from outside India". (6)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 3 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 6 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि खंड 3 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 4 Omission of Eighth Schedule

माननीय अध्यक्ष: श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 7 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: I beg to move:

Page, line 11,-

for "be omitted"

substitute "not be applicable to arbitrators from outside India"

(7)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 7 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि खंड 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 5 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक पारित किया जाए।

श्री रवि शंकर प्रसाद: अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : अब प्राइवेट मेंबर बिजनेस ले रहे हैं। उसके बाद शून्यकाल लेंगे।

प्राइवेट मेंबर बिजनेस, आइटम नम्बर, 25, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं हेतु कल्याणकारी उपाय।

मेरा आग्रह है कि अभी 8 बज गए हैं, आज इस प्राइवेट मेंबर रेजोल्यूशन को हम 9 बजे तक लेंगे। इसे फिर आगे ले लेंगे। 9 बजे के बाद कुछ जीरो ऑवर लेंगे। संजय जी, उसके पहले आप अपना विषय रख देना।

डॉ. निशिकांत दुबे - उपस्थित नहीं।

श्री अजय मिश्रा।

20.11 hrs

PRIVATE MEMBERS' RESOLUTION